Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 08 दिसंबर, 2023

कीवी पक्षी

हाल ही में **कीवी** के दो बच्चे **वेलिंग्टन** से तीन मील पश्चिम में **मकरारा (न्यूज़ीलैंड)** के एक उपनगर में पाए गए, जहाँ शहरी खतरों के कारण कीवी एक सदी से भी अधिक समय से गायब थे।

- न्यूज़ीलैंड की **कैपिटल कीवी प्रोजेक्ट** एक समुदाय-आधारित पहल है जिसका उद्देश्य **बड़े पैमाने पर जंगली कीवी जनसंख्या** को बहाल करना है।
- **परिचय:**
    - **कीवी** न्यूज़ीलैंड का **उड़ने** में असमर्थ एक पक्षी है।
    - इसे अपने **विलक्षण गुणों** के लिये जाना जाता है जैसे कि **रात्रिचर, उड़ने में असमर्थ, इसके शरीर के कुछ अंग** चूहे तथा डायनासोर से मिलते हैं।
- **विशेषताएँ:**
    - **कीवी के अंडे** दुनिया के किसी भी पक्षी वर्ग के शरीर के आकार (मादा के वजन का 20% तक) के अनुपात में **सबसे बड़े** अंडों में से एक हैं।
    - कीवी के अनूठे अनुकूलन, जैसे- **छोटे** और **मज़बूत पैर** और शिकार से पहले उसका पता लगाने के लिये अपनी **लंबी चोंच** के अंत में स्थित **नासिका** का उपयोग करना।
- **अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) स्थिति:** सुभेद्य
- **विस्तार क्षेत्र:** कीवी **विशेष रूप से ऑस्ट्रेलियाई महाद्वीप** में पाया जाता है।

//

डॉ. बी.आर. अंबेडकर की पुण्यतिथि

राष्ट्र के प्रति **डॉ. बी.आर. अंबेडकर** की अनुकरणीय सेवा की स्मृति में प्रत्येक वर्ष **6 दिसंबर** को उनकी पुण्यतिथि को **महापरिनिर्वाण दिवस** के रूप में

मनाया जाता है।

- **परनिर्वाण** जिसे **बौद्ध धर्म के प्रमुख सिद्धांतों** और लक्ष्यों में से एक माना जाता है, एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ है**मृत्यु के बाद मोक्ष** या **मुक्ति**।
    - बौद्ध ग्रंथ **महापरिनिर्वाण सुत्त** के अनुसार, 80 वर्ष की आयु में **भगवान बुद्ध की मृत्यु** को वास्तविक महापरिनिर्वाण माना जाता है।

डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर

(14 अप्रैल, 1891-06 दिसंबर, 1956)

बाबासाहेब अंबेडकर

भारतीय संविधान के जनक

संक्षिप्त परिचय

- एक समाज सुधारक, न्यायविद, अर्थशास्त्री, लेखक और तुलनात्मक धर्मों के विचारक
- **वायसराय की कार्यकारी परिषद (1942)** में श्रम मामलों के जानकार सदस्य
- नए संविधान के लिये **मसौदा समिति के अध्यक्ष**
- भारत के **प्रथम विधि मंत्री**
- मरणोपरांत **भारत रत्न से सम्मानित (1990)**

त्याग-पत्र और बौद्ध धर्म

- **हिंदू कोड बिल** पर मतभेद के कारण वर्ष **1951** में उन्हें कैबिनेट से त्याग-पत्र देना पड़ा
- बौद्ध धर्म को अपनाया; उनकी मृत्यु को **महापरिनिर्वाण दिवस** के रूप में मनाया जाता है

योगदान

- हिंदुओं के खिलाफ **वर्ष 1927 में महाड़ सत्याग्रह** का नेतृत्व
- **तीनों गोलमेज सम्मेलनों में** भाग लिया
- दलित वर्गों के लिये पृथक् निर्वाचक मंडल के विचार को त्यागने के लिये महात्मा गांधी के साथ **वर्ष 1932 के पूना पैक्ट पर हस्ताक्षर किये**

प्रांतीय विधायिकाओं में वंचित वर्गों के लिये आरक्षित सीटों को 71 से बढ़ाकर 147 और केंद्रीय विधानमंडल में 18% कर दिया गया था।

- **जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे का विरोध** (अनुच्छेद **370**)
- **समान नागरिक संहिता** का समर्थन
- अनुच्छेद **32** को **"संविधान की आत्मा और इसके हृदय"** के रूप में संदर्भित किया

महत्त्वपूर्ण पत्रिकाएँ

- मूकनायक **(1920)**
- बहिष्कृत भारत **(1927)**
- समता **(1929)**
- जनता **(1930)**

संगठन

- **'बहिष्कृत हितकारिणी सभा'** की स्थापना **(1923)**
- **स्वतंत्र लेबर पार्टी** की स्थापना **(1936)**
- **शेड्यूल्ड कास्ट फेडरेशन** की स्थापना **(1942)**

पुस्तकें

- जाति का विनाश **(Annihilation of Caste)**
- बुद्ध या कार्ल मार्क्स **(Buddha or Karl Marx)**
- अछूत: वे कौन थे और अछूत कैसे बने **(The Untouchable: Who are They and Why They Have Become Untouchables)**
- हिंदू महिलाओं का उदय और पतन **(The Rise and Fall of Hindu Women)**

और पढ़ें... [65वाँ महापरनिरि्वाण दविस]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-08-december,-2023